बाइकों की भिड़न्त में अधेड़ की मौत, दो गंभीर

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के कानेमई गांव के समीप शुक्रवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। जबकि, दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कड़ा धाम क्षेत्र के कोरियों गांव निवासी ४५ वर्षीय मूलचंद्र पुत्र दुजई शुक्रवार को घरेलू सामान खरीदने बाइक से अजुहा बाजार गए थे। देर रात वह घर लौट रहे थे। रात करीब ११ बजे कानेमई गांव के समीप सड़क के अंधे मोड़ पर सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सदली गांव निवासी ज्ञान प्रकाश प्रजापति और भीम सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सुनसान सड़क पर घायलों को तड़पता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से


मार्ग दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण।

तीनों घायलों को सीएचसी सिराथू पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मूलचंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ज्ञान प्रकाश और भीम की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चर्चा रही कि अगर हेलमेट होता तो मूलचंद्र की जान बचाई जा सकती है। वहीं, घटना स्थल कानेमई व नांदेमई गांव के मध्य है। इसी रास्ते पर स्कूल भी है। जिले के अलावा फतेहपुर के लोग भी आवागमन करते हैं। इसके बावजूद अंधे मोड़ पर संकेतक तक नहीं लगाया गया है।

सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने में कोटेदार पर मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। महेवाघाट क्षेत्र के मवई गांव के कोटेदार पर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने का मुकदमा कायम हुआ है। जांच में सामने आया है कि पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों से राशन वितरण रजिस्टर पर अंगूठा तो लगवा लिया गया, लेकिन उन्हें कई महीनों से खाद्यान्न नहीं दिया गया था। पूर्ति विभाग की जांच में करीब ९० क्विंटल गेहूं और १२४ क्विंटल चावल के स्टाक में हेराफेरी पकड़ी गई है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

सरसवां ब्लाक के मवई गांव के लोगों ने उचित दर विक्रेता राजनारायण पर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर पूर्ति विभाग ने कोटेदार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद पूर्ति निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह ने १२ नवंबर को गांव पहुंचकर मामले की जांच की। पूर्ति निरीक्षक के मुताबिक, मौके पर सरकारी राशन की दुकान बंद मिली। कोटेदार को बुलाकर दुकान और गोदाम की जांच की गई तो वहां खाद्यान्न नहीं मिला। अक्तूबर में ऑनलाइन पोर्टल पर राशन वितरण दर्ज था। इसके सत्यापन के लिए करीब १८ कार्डधारकों के बयान लिए गए। लाभार्थियों ने बताया कि उन्हें पिछले कई महीनों से राशन नहीं मिला है। स्टाक रजिस्टर और वितरण के अभिलेखों का मिलान करने पर करीब ९० क्विंटल गेहूं और १२४ क्विंटल चावल की हेराफेरी सामने आई। थाना प्रभारी महेवाघाट कुमार शंकरम ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डम्पर की टक्कर से महिला का पैर टूटा, चालक फरार

कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बनीखास गांव में शुक्रवार सुबह शौच के लिए जा रही महिला को तेज रफ्तार डम्फर ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला का दाहिना पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद चालक डम्फर छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया है।

संतोष कुमार के मुताबिक, उनकी बहन निशा देवी १३ नवंबर की सुबह करीब ६:१० बजे घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान पश्चिम शरीरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद जुटे ग्रामीणों ने डम्फर को रोक लिया, जबकि चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डम्फर को कब्जे में ले लिया। घायल महिला को जिला अस्पताल मंझनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया।

मार्निंग वाक पर निकले रेलवे कर्मचारी की मौत

सिराथू कस्बे के बनपुकरा निवासी रेलवे कर्मी की शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हार्ट अटैक की आशंका जाहिर की है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है।बनपुकरा निवासी ३८ वर्षीय सुनील कुमार उर्फ बबलू पटेल पुत्र स्व. नथन पटेल रेलवे में इलेक्ट्रीशियन चेकर मैन के पद पर तैनात थे। वह रोज की तरह शनिवार की सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे और घर से तकरीबन २०० मीटर की दूरी पर अचानक से गिर गए। जिन्हें आनन फानन में पास मौजूद लोग सिराथू सीएचसी ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू थामे नहीं थम रहे हैं। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की बात सामने आई है। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण साफ हो जाएगा। फिर उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जल निगम के नलों से पीतल की टोटियां चोरी

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव में शुक्रवार रात चोरों ने जल निगम के नलों की टोटियों को निशाना बनाया। बेखौफ चोरों ने दर्जनों नलों से पीतल की टोटियां पार कर दीं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हालांकि, हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नहीं करता है।वीडियो में देखा जा रहा है कि तीन लोग मोटरसाइकिल से गांव पहुंचे और जल निगम के नलों से पीतल की टोटियां निकालकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस से घटना की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव में शुक्रवार रात चोरों ने जल निगम के नलों की टोटियों को निशाना बनाया।

प्रधानमंत्री आवास योजना का झांसा देकर खाते से उड़ाये १.०२ लाख रुपये

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक युवक के बैंक खाते से १,०२,९९९ रुपये पार कर दिए। ठगों ने पहले उसके व्हाट्सएप पर फाइल भेजी। इसे डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में खाते से रकम निकाल ली गई।

करारी थाना क्षेत्र के शाहपुर टिकरी निवासी पवन कुमार के व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात मोबाइल नंबर से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर फाइल भेजी गई थी। योजना का लाभ मिलने की उम्मीद में पवन ने फाइल डाउनलोड कर ली। आरोप है कि इसके कुछ ही समय बाद उनका मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठगों ने बैंक खाते को निशाना बना लिया। ठगों ने २१ अक्तूबर को खाते से २० हजार रुपये और २२ अक्तूबर को दो बार में ८० हजार व २,९९९ रुपये ट्रांसफर कर लिए। इस तरह कुल १,०२,९९९ रुपये की ठगी की गई। खाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर पीडित ने करारी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की मदद से रकम ट्रांसफर किए गए खातों और आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। सावधान रहें किसी भी सरकारी योजना के नाम पर व्हाट्सएप से भेजी गई फाइल डाउनलोड न करें। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर भेजे जाने वाले ऐसे लिंक साइबर ठगी का जरिया हो सकते हैं।

घर में सेंध लगाकर नकदी-जेवरात सहित लाखों की चोरी

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के उमरवल गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। चोर घर के पीछे के कमरे में सेंध लगाकर अंदर घुसे और बक्से में रखे लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई तो परिवार में चीख-पुकार मच गई।

उमरवल निवासी रामकली के पति जगदीश की कई वर्षो पहले मौत हो चुकी है। उनके छह बेटे हैं, जिनमें से एक की मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार रात परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। रामकली घर के अगले कमरे में सो रही थी। इसी दौरान चोरों ने पीछे के कमरे में सेंध लगाकर घर में प्रवेश किया और बक्से में रखे करीब सात किलो चांदी के आभूषण, चार तोला सोना और डेढ़ लाख रुपये नकदी समेट ले गए। चोर चोरी करने के बाद बक्सा और घर का कुछ सामान गांव के ही दिनेश अग्रहरि के खेत में फेंककर फरार हो गए। शनिवार सुबह यमुना नदी में स्नान करने जा रहे ग्रामीणों की नजर खेत में पड़े बक्से, बर्तन और कपड़ों पर पड़ी। पास जाकर देखने पर चोरी की घटना का पता चला। इसकी जानकारी घरवालों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया।सूचना पर पिपरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

ई-रिक्शा से उतर रही चार वर्षीय बच्ची को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

पश्चिम शरीरा,कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू चौराहे पर शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची पिता के साथ ई-रिक्शा से उतर रही थी, तभी बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाई गई बच्ची ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चित्रकूट जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के कनकोटा गांव निवासी बुदुलिया शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अपनी चार वर्षीय बेटी रागिनी के साथ पभोषा गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे। गोराजू चौराहे पर ई-रिक्शा से उतरते समय पश्चिम शरीरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता ने १०८ एंबुलेंस की मदद से बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पिता की शिकायत पर पुलिस ने बरौली गांव निवासी बाइक चालक सोनू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अब्दुल सत्तार सुहेल को सौंपी गई है।

प्रधान सहित छः पर दंपती की पिटायी के मामले में मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। सैलाबी ग्राम प्रधान उमर समेत छह लोगों पर कोखराज पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। इन सभी पर घर में घुसकर दंपती समेत तीन लोगों की पिटाई करने का आरोप है। इंस्पेक्टर ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। रूपनारायणपुर सैलाबी निवासी मतलूब हसन पुत्र माबूद हसन ने बताया कि शुक्रवार को वह चाकवन स्थित मस्जिद से नमाज पढ़कर अपने ११ वर्षीय बेटे एहतेशाम के साथ घर लौट रहे थे। कार चचेरा भाई सल्मान चला रहा था। राला गांव के आगे कर्बला के पास सैलाबी ग्राम प्रधान उमर अपने साथियों के साथ दो कार से आ धमके। ओवरटेकिंग को लेकर प्रधान ने पीडित का पीछा करना शुरू कर दिया। घर में घुसकर पीडित के साथ उनकी पत्नी जुलेखा और चचेरे भाई फैजान की पिटाई की। इससे सभी को गंभीर चोटें आईं। शोरगुल पर लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी धमकियां देते हुए फरार हो गए। मामले में प्रधान उमर, उसके सहयोगी ईशा, एहतेशाम, साजिब, माबूद निवासी सैलाबी व अदनान निवासी सिहोरी के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि आरोपों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

३६ लाख की चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। डा० दंपती के मकान में हुई करीब ३६ लाख रुपये की चोरी के मामले में मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया है। इसी के साथ चोरों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।कौशाम्बी मेडिकल कॉलेज के सरकारी आवास में डॉ. रमेश चंद्र यादव अपनी पत्नी डा० रेखा यादव के साथ रहते हैं। डा० रमेश चंद्र यादव फतेहपुर में एनीथिसिया के पद पर तैनात हैं, जबकि उनकी पत्नी जिला मुख्यालय में खुद का अस्पताल चलाती हैं। शुक्रवार को करीब १० बजे डा० रमेश चंद्र यादव व डा० रेखा यादव अस्पताल के लिए निकल गए थे। दोपहर करीब ढाई बजे डा० रेखा यादव अपने निजी अस्पताल से आवास पहुंचीं तो दरवाजे का टूटा ताला पड़ा था। चोर आलमारी में रखे करीब ३० लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवर और छह लाख रुपये पार कर चुके थे। कोतवाल विनीत सिंह का कहना है कि मुकदमा कायम कर चोरों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

पैगम्बर मोहम्मद के आदर्शों को अपनायें मुसलमान-सफीकुल कादरी

करारी में दो दिवसीय जलसे का आगाज, पूरी रात चलता रहा शेरों शायरी और नातिया कलाम का दौर

करारी,कौशाम्बी। करारी कस्बे में शुक्रवार को मुस्लिम नौजवान कमेटी की ओर से आयोजित ६२ वां दो दिवसीय ऐतिहासिक गुम्बद ए खज़रा कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जनपद के अलावा गैर जनपद के लोगों ने गुंबद ए खजरा कांफ्रेंस में शिरकत की। कांफ्रेंस में शेख अबू सईद एहसान उल्लाह के संरक्षण तथा मौलाना मोहम्मद इमरान हबीबी की अध्यक्षता में हुई। जलसे का संचालन आरिफ हसन सिद्दीकी जबलपुरी ने की। करारी का ऐतिहासिक गुंबद ए खजरा कांफ्रेंस का शुभारंभ पवित्र कुरान की तिलावत से कारी मोहम्मद जाकिर ने की। तत्पश्चात मुफ्ती शफीकुल कादरी बरकाती ने जलसे को संबोधित करते हुए लोगों को पैगंबर मोहम्मद (स.अ.) के जीवन चरित्र, आचरण एवं स्वभाव में ढलने की बात कही। आपसी प्रेम भाईचारा को अपने जीवन में स्थापित करके समाज को अच्छा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि आज क्या हो गया कि समाज का एक अंग ऐसी जगह आवास लेने से दूर भाग रहा है, जहां पर कोई मुसलमान रहता है। जबकि एक समय यह भी आया कि सुल्तान ए हिंद ख्वाजा गरीब नवाज जहां बैठ जाते थे, लोग उनकी तरफ आकर्षित होकर चारों तरफ इकट्ठा हो जाते थे। उनके करीब बसने और जीवन यापन करने की दिली इच्छा रखते थे। क्योंकि ख्वाजा साहब मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जीवन चरित्र और उनके आचरण से सजे थे। मुफ्ती साहब ने बताया कि नबी सल्लल्लाहो अ.वसल्लम की ईद के दिन रास्ते में एक बच्चे से मुलाकात हुई जिसके बाल बिखरे हुए थे। बदन में धूल व मिट्टी के कण लगे थे। शरीर पर नए कपड़े नहीं थे, तो उन्होंने पूछा बेटे आज ईद का दिन है तुम नहा धोकर नए कपड़े क्यों नहीं पहने तो बच्चे ने बताया कि उसके पिता नहीं हैं। वह अनाथ है, उसकी मां दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में ही


खज़रा कान्फ्रेंस करते लोग ।

सक्षम नहीं है। इसके बाद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम उस बच्चों को अपने घर ले आए। हसनैन करीमैन ने उस अनाथ बच्चे को अपना नया वस्त्र देकर खुद पुराना वस्त्र पहना। हजरत फातमा ने कहा ऐ अल्लाह के रसूल (स. अ.) मैं कभी इस बच्चे को बगैर पिता के होने का अनुभव नहीं होने दूंगी। बताया कि एक ईसाई दार्शनिक माइकल एच हॉट ने १९७८ में दा हंड्रेड नामक एक पुस्तक लिखी। जिसमें ऐसे १०० महान पुरुषों का उल्लेख किया। जिन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया और उसमें प्रथम वरीयता मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को दिया। लोगों ने इसका कारण पूछा तो उसने बताया कि ऐसे तो मुसलमान के पैगंबर के जीवन का प्रत्येक क्षण बहुत ही प्रेरणादायक है। परंतु उनके जीवन की एक घटना ने मुझे बहुत प्रेरित किया। एक मर्तबा एक यहूदी पैगंबर इस्लाम के यहां मेहमान हुआ। रात के अंधेरे में बिस्तर पर गंदगी करके भाग गया। लेकिन जल्दबाजी में अपनी तलवार भूल गया। जब वापस तलवार लेने के लिए पहुंचा तो क्या देखता है कि पैगंबर इस्लाम स्वयं अपने हाथों से बिस्तर को धुल रहे हैं। उसने दिल में सोचा कि अगर किसी और राजा या बादशाह के यहां ऐसा किया होता तो वह अपनी सेवा के सिपाहियों को मुझे ढूंढने और पकड़ने के लिए चारों तरफ भेज दिया होता और इस घिनौने कार्य पर मुझे दंड दिया जाता। लेकिन आप उसे खुद अपने हाथों से साफ कर रहे हैं। इसे देखकर वह कलमा पढ़ कर मुसलमान हो गया और आपका परम भक्त हो गया। जलसे में नातिया कलाम का भी दौर चला निम्नलिखित पंक्तियों को पसंद किया गया। अजहर नूरी कानपुरी ने पढ़ा.. इतना रोशन जो फलक पर यह कमर लगता है गुंबदे खजरा के जलवों का असर लगता है। अबुल हसन कलकत्तवी ने बु जहल ने पूछा आका से मुट्ठी में बताओ क्या है मेरी फिर हुक्म नबी से मुट्ठी में कंकर भी पुकारा नबी नबी। उस्मान अली दार्जिलिंग ने पढ़ा कि मकान उनका ना फर्श जमीन न अर्श बरी वह अपने चाहने वालों के घर में रहते हैं। शकील आरफी फर्रुखाबाद ने पढ़ा कि फिरका,फिरका,मसलक, मसलक सैर सपाटे बंद करो बस उतने में दीन है जितनी ज़हरा की फुलवारी है। एहसान शाकिर आजमी ने खोलता है तू मौला हर दिलों के दरवाजे, खोल दे तू हम पर भी रहमतों के दरवाजे ने खूब वाहवाही बटोरी। अंत मे सलातो सलाम पढ़ा गया। देश दुनिया में शांति की दुआ की गई। इस अवसर पर इलाके के उलेमा अधिक संख्या में मौजूद रहे। विशेष तौर पर मुफ्ती हबीबुल्लाह मिस्बाही, कारी रफीउल्लाह, हाफिज मोहम्मद रफीक, मौलाना मोहम्मद फहद अजहरी आदि। मोहम्मद इमरान प्रधानाचार्य मदरसा जामिया इमदादुल उलूम ने सभी श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

पुरानी रंजिश में दरवाजे पर चढ़कर मारपीट,दो घायल

युवक को घेरकर किया था पिटायी, उलाहना देने से नाराज दबंगों ने दिया घटना को अंजाम

करारी,कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहाबनपुर गांव में शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने दरवाजे पर चढ़कर जमकर मारपीट की। इसके पहले मोअज्जमपुर गेट के समीप युवक को घेरकर पिटाई किया था। उलाहना देने से नाराज दबंगों ने दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट से दो लोगों को गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है।

पिंडरा सहाबनपुर गांव की कौशल्या देवी पत्नी फूलचंद्र मौर्य ने बताया कि शनिवार को करीब तीन बजे दिन में उसका बेटा पंकज मौर्य रिजवी कॉलेज से घर जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रोहित पुत्र सुख लाल, अजय, राजा बाबू पुत्रगण राम नारायण, हिमांशु पुत्र सूर्यभान ने मिलकर रोक लिया। इसके बाद उसे गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सरेराह पिटाई शुरू


मारपीट में घायल से पूछ ताछ करती पुलिस।

कर दिया। राहगीरों के बीचबचाव करने पर भाग गए। युवक ने यह घर पहुंच कर परिजनों से बताई। आरोप है कि उलाहना देने पर आरोपी दबंग आग बबूला हो गए। इसके बाद शाम करीब चार बजे उपरोक्त आरोपी उपरोक्त आरोपियों के साथ राज कुमार पुत्र राम नारायण पीडिता के दरवाजे पर चढ़ गए। गाली गलौच के साथ पंकज मौर्य को पीटने लगे। बीच बचाव करने आए पति फूलचंद्र को भी पीटकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पांच हेक्टेयर खेत की सिंचाई ठप,पाइप लाइन तोड़ने और धमकी देने में केस दर्ज

कौशाम्बी। मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के खूझा गांव में सिंचाई के लिए बिछाई गई सबमर्सिबल की भूमिगत पाइपलाइन तोड़ने और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से करीब पांच हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई प्रभावित हो गई है।

गांव निवासी रामसजीवन के मुताबिक, नौ नवंबर को दोपहर करीब तीन बजे फतेहपुर जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के किशुनदासपुर निवासी दीपू पांडेय उनके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसी दिन शाम करीब पांच बजे आरोपी ने लाठी से सबमर्सिबल की भूमिगत पाइपलाइन का गैस निकासी पाइप तोड़ दिया। विरोध करने पर देखरेख करने वाले सत्यनारायण के सामने भी गाली-गलौज और धमकी दी। पीडित ने १० नवंबर को थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर एसपी से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर १३ नवंबर को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक विमल कुमार को सौंपी गई है।

अभियान चलाकर वाहन चालकों को किया गया जागरूक


यातायात के बारे में लोगों को जागरूक करती पुलिस।

कौशाम्बी। यातायात माह नवंबर पर पुलिस द्वारा अभियान चला कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कारवाई किया जायेगा।

यातायात माह के तहत शनिवार को जिले की पुलिस ने सड़क सुरक्षा और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान संवेदनशील मोड़ों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए। साथ ही विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। एसपी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देश पर कड़ा धाम क्षेत्र के कमालपुर देवीगंज स्थित छेदीलाल राजाराम साहू इंटर कॉलेज में यातायात पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों और ट्रैफिक संकेतों की जानकारी दी। इस दौरान वाहनों पर रिलेक्टर टेप भी लगाए गए। चालकों को पंफलेट देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, एनएचएआई काउंसलर व यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं, कौशाम्बी थाना क्षेत्र में हादसों की आशंका वाले मोड़ों और दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर पीडब्लूडी अधिकारियों के सहयोग से रम्बल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर तथा चेतावनी बोर्ड लगवाए गए। पुलिस ने वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

कचहरी जा रहे दम्पती की साइकिल में कार ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

कौशाम्बी। मंझनपुर कचहरी में मुकदमे की तारीख पर जा रहे साइकिल सवार दंपती को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

करारी थाना क्षेत्र के मालीपुर महराजगंज निवासी राममूरत शुक्रवार सुबह करीब १०:४५ बजे पत्नी केला देवी को साइकिल पर बैठाकर कचहरी जा रहे थे। दरियापुर चौराहे से आगे नहर मार्ग पर कुलदीप यादव के सबमर्सिबल के पास पीछे से आए तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भैलामकदूमपुर की ओर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद राममूरत ने करारी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विजय कुमार को सौंपी है।

दुराचार के आरोपित सहित चार को पुलिस ने पकड़ा

कौशाम्बी। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जिले की पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी समेत चार को पकड़ा। लिखापढ़ी कर सभी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

करारी पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में वांछित लालजी पुत्र लवकुश निवासी भीटीपर, थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ छह नवंबर को शिकायत दर्ज हुई थी। वहीं, महेवाघाट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया।

इसी तरह मंझनपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक अन्य बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया। दोनों बाल अपचारियों को विधिक कार्रवाई के बाद किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया। उधर, सराय अकिल पुलिस ने मारपीट और धमकी के पुराने मुकदमे में वारंटी श्रवण पुत्र इंद्रपाल निवासी मवई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता प्रतापगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., प्रतापगढ़

पत्रांकः- 4924/93सी/ई-टेण्डरिंग/प्र0फ0वृ0/2026-27 दिनांकः- 07.11.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा 30प्र0, लो0नि0वि0, के सक्षम श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित कार्यो की निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैः-

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रु. लाख में)	05 वर्ष हेतु अनु-रक्षण की लागत (रु. लाख	अनुमानित कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख (रु.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	प्रतापगढ़	वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद प्रतापगढ़ में प्रतापगढ़ सुखपाल नगर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) किमी-5 से पीबी कालेज होते हुए भुवालपुर से राजगढ़ तक मार्ग (अ.जि.मा.) किमी.-0.000 से 1.500 में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	202.00	5.05	207.05	12.35	2714.00	12 माह वर्षाकाल सहित

1-निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर ऑनलाइन देख सकते हैं। लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 **http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/** है।

2-निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 20/11/2026 से 28/11/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगे। ऑनलाइन बिड दिनांक 28/11/2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 28/11/2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जाएगी।

(अजय कुमार) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड,2लो.नि.वि., प्रतापगढ़

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।upid no.260995 Date : 13.11.2026

(एस0के0 गौतम) अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़ वृत्त लो.नि.वि., प्रतापगढ़

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता प्रतापगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., प्रतापगढ़

पत्रांकः- 4923/93सी/ई-टेण्डरिंग/प्र0फ0वृ0/2026-27 दिनांकः- 07.11.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़/फतेहपुर वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा कार्य हेतु पात्र ठेकेदारो से आइटम दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैः-

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रु. लाख में)	05 वर्ष हेतु अनु-रक्षण की लागत (रु. लाख	अनुमानित कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख (रु.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	प्रतापगढ़	वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद प्रतापगढ़ में बाघराय राजापुर मार्ग से मण्डल भासौ मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0-0.000 से 7.150 में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	1000.00	25.00	1025.00	30.00	2714.00	12 माह वर्षाकाल सहित

1-निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर ऑनलाइन देख सकते हैं। लोक निर्माण विभाग में नि